# झालावाड़ अस्पताल और मेडिकल कॉलेज को मिली नई सौगातें, सांसद दुष्यंत सिंह ने लोकार्पण किया

**झालावाड़,** (निसं)। राजकीय चिकित्सालय एसआरजी हॉस्पिटल में रविवार को मरीजों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मिली। अस्पताल परिसर में नई ओपीडी सोनोग्राफी मशीन, जनाना अस्पताल में एक्स-रे मशीन तथा मदर कक्ष का लोकार्पण झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि जिले के मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। नई मशीनों के शुरू होने से अब महिलाओं, गर्भवती माताओं और सामान्य मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा, वहीं अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि एसआरजी अस्पताल में लगातार आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे यह हाड़ौती संभाग के प्रमुख उपचार केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।



सांसद दुष्यंत सिंह ने झालावाड़ अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में नई मेडिकल सुविधाओं का लोकार्पण किया।

सांसद दुष्यंत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की जो दूरदर्शी सोच थी, वह आज साकार होती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे ने झालावाड़ जिले को चिकित्सा के क्षेत्र में मजबूत पहचान दिलाने का संकल्प लिया था और उसी सोच के तहत एसआरजी हॉस्पिटल में लगातार नई-नई मशीनें, आधुनिक उपकरण और मरीज हितैषी सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी अस्पताल को और उन्नत बनाया जाएगा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ेगा।

लोकार्पण कार्यक्रम में मनोहरथाना विधायक गोविंद रानीपुरीया, डग विधायक कालूराम मेघवाल, जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार बुढ़ानिया, आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय जैन, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.संजय जैन, एसआरजी अधीक्षक डॉ.अशोक शर्मा, जनाना अस्पताल अधीक्षक डॉ.संजय जैन राधेश्याम मेहरा, एसडीएम अभिषेक चरण, तहसीलदार नरेंद्र मीणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्यजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने इसे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इन सुविधाओं से अब ग्रामीण अंचल से आने वाले हजारों मरीजों को सीधे लाभ मिलेगा। सांसद ने अस्पताल प्रशासन को चिकित्सा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

# ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब की आम सभा संपन्न

- अध्यक्ष सुनील माथुर सहित पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित
- लेखा-जोखा किया प्रस्तुत, विभिन्न आयोजनों की दी जानकारी

**कोटा,** (निसं)। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब की आम सभा का आयोजन रविवार को दाधीच छात्रावास नाग नागिन मंदिर के पास उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। आन सभा में सर्वसम्मति एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नई कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। संरक्षक मंडल में के.एल.जैन, कय्यूम अली, पवन आहूजा, प्रद्युमन शर्मा, श्याम रोहिड़ा एवं सुबोध जैन ने कार्यकारिणी को आगामी वर्षों के लिए कार्य करने का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी ने हाथ खड़ा कर अपनी सहमति प्रदान की।

अध्यक्ष सुनील माथुर सहित पूरी कार्यकारिणी को निर्विरोध चुना गया, सभी सदस्यों ने हाथ खड़ा कर नई कार्यकारिणी को आगामी वर्षों के लिए चुना। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने संगठन की मजबूती, पत्रकार हितों की रक्षा तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। आमसभा में उपस्थित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुनील माथुर ने कहा कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान तथा क्लब की गतिविधियों को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आमसभा में पत्रकार एकता, संगठन विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन तथा युवा पत्रकारों को मंच उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। संरक्षक पवन आहूजा ने अपने पिता की स्मृति में पत्रकार व्याख्यान माला आयोजित किए जाने की घोषणा की और संपूर्ण खर्च उठाने का विश्वास दिलाया। अंत में सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी के साथ मिलकर क्लब को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का भरोसा जताया।

इससे पूर्व महासचिव अनिल भारद्वाज ने क्लब द्वारा की गई गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया एवं उत्कृष्ट कार्यो पर प्रकाश डाला, इसके साथ ही कोषाध्यक्ष बद्री प्रसाद गौतम ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कई पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों के साथ एवं अन्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए एवं सुझाव दिए। खेल गतिविधियां कराए जाने, इंडोर खेल, पत्रकारों की प्रतियोगिताएं, व्याख्यान माला एवं अन्य गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला गया। सरकार द्वारा पत्रकारों को दी जाने वाली सुविधाएं, भूखंड एवं अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा, उपाध्यक्ष हरिमोहन शर्मा, संयुक्त सचिव चंद्र प्रकाश शर्मा चंदू, कार्यालय मंत्री हंसपाल यादव, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश कश्यप, लेखराज शर्मा, संजय वर्मा, मनीष गौतम, शाकिर अली, रुबीना काजी मंचासीन रहे। इस अवसर पर शहर के प्रमुख सहयोगी व प्रबुद्धजन भी उपस्थित रहे। अंत में स्नेहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सार-समाचार

### श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

**कोटा,** (निसं)। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना कोटा के तत्वावधान में रविवार को महिला कार्यकारिणी द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष महिला इकाई नीरू चौहान, शहर अध्यक्ष हेमलता गहलोत के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, नवयुवतियों एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने आत्मनिर्भरता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं एकजुटता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कई महिलाओं ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं, जिससे उपस्थित नवयुवतियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शकुंतला चौहान एडवोकेट, रूप कंवर (आरएएस) उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नीना छापोल प्रदेश महासचिव, महिला इकाई) एवं रश्मि राठौड़ संभाग अध्यक्ष रहीं, जिन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मीनू कँवर, जिला उपाध्यक्ष, रितु राठौड़ शहर उपाध्यक्ष, हेमलता हाड़ा शहर महासचिव, रेनू चौहान शहर सचिव, साक्षी हाड़ा जिला सचिव, सुनीता राणावत शहर महामंत्री, राजरानी सोलंकी समाजसेवी और साक्षी सिंह की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके विचारों का आदान-प्रदान करना एवं समाज में एकजुटता का संदेश आगे बढ़ाने की बात कही, जिसे सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### अतुल्य श्री पंजाबी समाज राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**कोटा,** (निसं)। अतुल्य श्री पंजाबी समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को कोटा स्थित होटल सुर्फिन पैलेस में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माताजी नीति अम्बाजी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन एवं विशेष योगदान से कार्यक्रम को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने पंजाबी समाज को शरणार्थी नहीं पुरुषार्थी कहा और उनका समाज में महत्वपूर्ण, योगदान के महत्व पर विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश अरोड़ा ने की। राष्ट्रीय महासचिव डॉ.जितेंद्र बहल, कोषाध्यक्ष डॉ.तरुण कालरा सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस महत्वपूर्ण बैठक में कोटा, बारां, झालावाड़ एवं बूंदी जिलों की नई कार्यकारिणियों की घोषणा भी की गई, जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने स्वागत किया। समाज के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। महासचिव डॉ.जितेंद्र बहल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समाज के विकास, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनका उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन एवं स्वागत किया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था किरण मलिक एवं उषा सतीजा, दर्शन पिपलानी, पी.के.आहूजा के कुशल नेतृत्व में उत्कृष्ट रूप से संपन्न हुई, जिसके लिए सभी ने उनकी सराहना की। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने समाज की एकता, प्रगति एवं सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### परिंडे लगाओ अभियान का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर हिंदू संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के दाना-पानी के लिए कोटा संभाग के समस्त जिलों में परिंडे व पानी की टंकी की व्यवस्था हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत रविवार से की गई। हिंदू संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री गुड्डू मरचुनिया की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ता व हिंदू संगठन की अलग-अलग टोलियों ने जाकर कई जगह पक्षियों के लिए छायादार वृक्षों गणेश मंदिर परिसर और गणेश उद्यान में स्थित छायादार वृक्षों की शाखाओं पर परिंडे लगाए गए। गुड्डू मरचुनिया ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते आमजन से भी अपील की गई है कि वे अपने घर के ऊपर या घर के बाहर या फिर उचित स्थान का चयन कर परिंडे लगाए, जिससे कि पशु पक्षियों को पानी पीने में ऐसी भीषण गर्मी में राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि यह मुहिम लगातार चालू रहेगी। अब गांव-गांव ढाणी ढाणी जाकर परिंडे लगाए जाएंगे। आज के कार्यक्रम में श्याम, आर्यन, रोहित कुमार, पुनीत, सुमन, अंशुल, शंभू शर्मा, नरेश खंडेलवाल, नवीन, महेंद्र, हेमंत शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धरना जारी

**छबड़ा** (निसं)। दी ट्रक ऑपरेटर्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी द्वारा अपनी मांगों को लेकर चौथे दिन भी धरना जारी रहा। अध्यक्ष दुष्यंत आसावत ने बताया कि ट्रक ऑपरेटर यूनियन द्वारा चौथे दिन भी धरना शांतिपूर्ण जारी रहा। मंडी व्यापारियों द्वारा मंडी बंद कराई जा रही है, जो कि गलत है जिससे किसानों और हम्मालों को आर्थिक नुकसान होगा। व्यापारियों द्वारा अब भी ओवरलोड माल भरवाया जा रहा है। यूनियन की प्रशासन से मांग है कि इस पर सकारात्मक कार्यवाही की जाए। साथ ही प्रशासन द्वारा दिए गए व्यापारियों के साथ वार्ता के आश्वासन पर अब तक कोई कार्यवाही नही हुई है, जिससे यूनियन के सदस्यों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, साथ ही उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि न्याय मिलने में हो रही देरी को लेकर चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### स्टेशन क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली

**कोटा,** (निसं)। सनातन धर्म को जागृत करने के उद्देश्य को लेकर रविवार को स्टेशन क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी बजरिया व डडवाडा क्षेत्र में डॉ. लता शर्मा, एडवोकेट किरण कलवार, सुरेश कुमार शर्मा द्वारा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने संगीतमय प्रभात फेरी में राम भजन करते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया, वही लोगों ने क्षेत्र में निकाली जा रही प्रभात फेरी पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। प्रभात फेरी में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## परिंडे बांधे

**कोटा,** (निसं)। करुणा व मानवता का सुंदर संदेश देते हुए विजयवर्गीय क्षेत्रीय सभा तलवंडी, विज्ञान नगर, महावीर नगर एवं सुभाष नगर के अंतर्गत विजयवर्गीय महिला मंडल के तत्वावधान में विज्ञान नगर स्थित मूकबधिर विद्यालय में सेवा एवं संवेदना से परिपूर्ण प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय संयोजिका वर्षा विजय ने बताया कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए महिला मंडल की सदस्यों द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर परिंदे (जल पात्र) लगाए गए, ताकि पक्षियों को पानी उपलब्ध हो सके। इस दौरान महिलाओं ने मूकबधिर विद्यालय के बच्चों को भोजन परोसकर सेवा और मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर महिला सचिव कुसुम विजय, कोषाध्यक्ष अलका विजय, कार्यक्रम संयोजिका दिव्या विजय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनयना विजय, मुक्ता विजय, मीना विजय, रेखा विजय, हेमा विजय, शीला विजय, इंदू विजय, हेमलता विजय, सरोज विजय , मंजुला विजय, रीना विजय एवं कई महिला सदस्य उपस्थित रही।

# वैदिक मंत्रोच्चार व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ वाल्मीकि समाज के 21 जोड़ों का विवाह संपन्न

- अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा (रजि.) तहसील शाखा लाड़पुरा, कोटा के तत्वावधान में 11वाँ सामुहिक विवाह सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में 21 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील पटोना ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकता को बढ़ावा देना और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। सुनील पटोना, एसपी ने बताया कि महर्षि वाल्मिकी सामुदायिक भवन, पुरानी सब्जीमण्डी, गीता भवन रोड, कोटा पर आयोजित किया गया, जिसमें कोटा, बूंदी, बारां व झालावाड़ से जोड़े" शामिल हुए। सर्वप्रथम गणेश पूजन किया गया और गणपति वंदना हुई, उसके बाद बासान, तोरण व अन्य कार्यक्रम हुए। भीषण गर्मी के बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने उल्लासपूर्वक विवाह सम्पन्न कराया। विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ फेरे कराए गए और जीवन भर साथ निभाने के वचन दुल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को दिए। दोपहर में विदाई समारोह आयोजित हुआ जिसमें बेटी को विदा करते हुए सभी परिजनों की आंखे नम हो गई, इस खुशी के पल के साक्षी शहर के प्रमुख लोग रहे, जिसमें जगदीश जिंदल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, सरस डेयरी चेयरमैन चैन सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ने भी अपनी और से शुभकामनाएं प्रेषित की। भीषण गर्मी को देखते हुए उपस्थित लोगों के लिए शीतल ठंडे जल की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर राम गोपाल राजा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा, दिनेश सररिया, जिलाध्यक्ष, शैलेन्द्र महाराजा, ओम प्रकाश खजोतिया, जय कुमार पात्रे, सीताराम विश्नारिया, सुरेश केप्टन ने सभी वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सागर नरवाला, राहुल नकवाल, बादल सनगत, राजेश नरवाला, घासीलाल टांक सहित कई लोगों का विशेष सहयोग मिला। समिति की ओर से सभी जोडों को उपहार भेंट किए गए।

# छबड़ा : खुले नाले में गिरा बाइक सवार, हादसे का भय

**छबड़ा** (निसं)। नगर में गली मोहल्लों से गंदे पानी की निकासी के लिए नगरपालिका की ओर से निर्माण करवाए गए अधिकांश बड़े नाले कई जगहों से खुले पड़े होने के कारण आए दिन न केवल पशुओं व वाहनों के गिरने की घटनाएं हो रही है, बल्कि इन खुले नालों से दुर्गंध के कारण बीमारियां फैलने का खतरा ब गया है। बीती रात्रि को इंद्रा कॉलोनी में एक बाइक सवार युवक खुले नाले में गिर गया। कॉलोनी वासियो ने कडी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोगों ने पालिका प्रशासन से खुले नाले को ढकने की मांग की है।

जानकारी अनुसार इंद्रा कॉलोनी में नाले का ढकान नही होना परेशानी का सबब बना हुआ है। यही कारण रहा है कि शनिवार रात्रि को एक व्यक्ति अनियंत्रित होकर गहरे और खुले नाले में जा गिरा था। मौके पर जुटे राहगीर और स्थानीय लोगो ने उसे बाहर निकाला। उक्त चेम्बर के समीप सरिए बाहर निकल रहे थे। गनीमत रही कि व्यक्ति को गंभीर चोट नही आई। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इन नालों में से अधिकांश नाले आबादी क्षेत्र में स्थित होने के कारण आए दिन इन नालों में पशुओं व छोटे बड़े वाहनों के साथ ही कई बार इंसानों के गिरने से भी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। उसके बावजूद भी जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है और लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ रही है।

हरीश, कॉलोनी निवासी ने बताया कि कस्बे में कई जगहों पर नाले खुले पड़े हैं। जिसके कारण आए दिन परेशानी हो रही है। जबकि जिम्मेदार नालों को ढकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

सत्यनारायण, कॉलोनी निवासी ने बताया कि खुले नाले में गिरने से आए दिन पशु व लोग चोटिल हो रहे हैं। जिस बारे में कई बार नगरपालिका को अवगत भी करवाया, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## मन की बात का 133वां एपिसोड सुना

**कोटा,** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन एवं कार्यक्रम जिला संयोजक महेन्द्र सिंह सिसोदिया के आव्हान पर भाजपा कोटा शहर के नेतृत्व में, सभी 14 मण्डलों में मन की बात कार्यक्रम के 133वें एपिसोड का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश-विदेश में हो रहे घटनाक्रम, देश में ऐसी जानकारियां, उपलब्धियां जिससे हम अनभिज्ञ रहते है उन जानकारियों को देशवासियों के साथ साझा करते है। मन की बात के 133वें एपिसोड में पीएम मोदी ने देश के वैज्ञानिकों, विशेषकर न्यूक्लियर क्षेत्र में कार्य कर रहे हमारे प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण और परिश्रम ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है।

## प्रतियोगिता आयोजित

**बूंदी** (निसं)। सर्व ब्राह्मण महासभा समिति के तत्वावधान में आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव सप्ताह के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर शूटिंग बॉल प्रतियोगिता दूधिया रोशनी में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में मारुति क्लब ने जय देव क्लब को सीधे सेटों में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# हज यात्रियों का भव्य इस्तकबाल किया

**कोटा,** (निसं)। मजहब-ए-इस्लाम के मुकद्दर सफर 'हज' पर जाने वाले अकीदतमंदों की रवानगी को लेकर कैथून कस्बे में उत्साह और अकीदत का माहौल देखा जा रहा है। इसी कड़ी में शाही मस्जिद सालार गाज़ी कमेटी की जानिब से हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन के सम्मान में एक भव्य 'इस्तकबालिया जुलूस' निकाला गया और उनका इस्तकबाल किया गया। जुलूस का आगाज मदरसा रजविया से हुआ। जहाँ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और अकीदतमंद जमा हुए। जुलूस कस्बे के विभिन्न मार्गों से होता हुआ शाही मस्जिद सालार गाज़ी पहुँचा। जहाँ इसका समापन हुआ। इस दौरान पूरे रास्ते लोगों ने हज पर जाने वाले यात्रियों पर फूलों की बारिश की और उन्हें मुबारकबाद पेश की। शाही मस्जिद पहुँचने पर कमेटी के पदाधिकारियों और नमाजियों ने कैथून से इस मुबारक सफर पर जा रहे सभी 28 हाजियों का फूल-मालाएं पहनाकर और दस्तारबंदी कर जोरदार स्वागत किया।

# ऑल इंडिया बीएसएनएल डॉट पेंशनर्स एसोशिएसन का वार्षिक जिला अधिवेशन सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। ऑल इंडिया बीएसएनएल डॉट पेंशनर्स एसोसिएशन, कोटा द्वारा जिला अधिवेशन का आयोजन दूरसंचार कॉलोनी, विज्ञान नगर स्थित सामुदायिक भवन में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर"बीएसएनएल की सेवाओं की गुणवत्ता व विस्तार तथा पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान"विषय पर एक महत्वपूर्ण खुला सत्र आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता पीजीएम बीएसएनएल कोटा गोविन्द सिंघल ने की। सत्र में लगभग 250 से 300 पेंशनर्स की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ कोटा के जिला सचिव किशोर माथुर द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने पेंशनर्स की ज्वलंत समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात विभिन्न वक्ताओं-एआईबीडीपीए जयपुर के जिला सचिव कबूल सिंह, ओम.पी.जैन, हरीश शर्मा तथा केन्द्रीय संगठन सचिव एस.एन. नागरकृने पेंशन रिवीजन एवं आईडीए/डीआर के भुगतान में हो रही अनावश्यक देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। संचार निगम पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बीएसएनएल सेवाओं के विस्तार में देरी के लिए नीतिगत विलंब तथा आवश्यक उपकरणों की समय पर उपलब्धता न होने को प्रमुख कारण बताया।

वहीं एआईबीडीपीए राजस्थान के परिमंडल सचिव एम.के. नागपाल ने पेंशन रिवीजन एवं आईडीए/डीआर भुगतान में हो रहे भेदभाव पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णयानुसार पेंशन कोई अनुकम्पा नहीं, बल्कि कर्मचारी का अर्जित अधिकार है। संविधान का अनुच्छेद 14 सभी को समानता का अधिकार प्रदान करता है, इसके बावजूद न्यायोचित निर्णयों में देरी चिंताजनक है।

उन्होंने पेंशनर्स से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष में भाग लेने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में पीजीएम गोविन्द सिंघल ने पेंशनर्स को संगठन की अमूल्य धरोहर बताते हुए आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन सदैव तत्पर है।

उन्होंने बताया कि बीएसएनएल सेवाओं के आधुनिकीकरण के तहत लैंडलाईन सेवाओं के स्थान पर एफटीटीएच कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं तथा सेवाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।

सभा का कुशल संचालन भंवरलाल गोचर ने किया। अंत में संरक्षक एस.के. गोस्वामी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए अधिवेशन की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की। अधिवेशन में सर्वसम्मति से एस.के.गोस्वामी संरक्षक, विजय बंसल को अध्यक्ष, किशोर माथुर को जिला सचिव एवं जगदीश प्रसाद शर्मा को कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यक्रम का समापन स्नेह भोज के साथ अत्यंत भव्य एवं आत्मीय वातावरण में हुआ।

## सार-समाचार

### वार्डों का समग्र प्रोफाइल तैयार करने के लिए वार्ड-वार्ड पहुंच रही पालिका टीम

**छबड़ा** (निसं)। मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान के अन्तर्गत शनिवार को नगरपालिका द्वारा यहां के 35 वार्डों में वार्ड सभाओं का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए पालिका द्वारा चार अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। जिसके माध्यम से प्रत्येक वार्ड में पहुँचकर आमजन की समस्याओं को सुना गया। वार्ड सभाओं का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक वार्ड का समग्र प्रोफाइल तैयार करना, क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों एवं बुनियादी सुविधाओं का आकलन करना, विकास की प्राथमिकताओं का निर्धारण करना तथा जीआईएस आधारित मानचित्रण के माध्यम से वार्ड का डिजिटल डाटा तैयार करना है। साथ ही जनभागीदारी के माध्यम से विकास योजनाओं को तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी संदीप गहलोत ने विभिन्न वार्डों का दौरा कर स्थानीय नागरिको से सीधे संवाद किया। उन्होंने पेयजल, सड़क, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुडी समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ईओ ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकताओं के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को विकसित, सुव्यवस्थित एवं नागरिको के अनुकूल बनाना है। जिसमें जनभागीदारी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वार्ड सभाओं में बडी संख्या में स्थानीय नागरिको ने भाग लेकर अपनी समस्याएं खुलकर रखीं तथा विकास कार्यों के लिए सुझाव भी प्रस्तुत किए। इन सभी सुझावों एवं समस्याओं को संकलित कर प्रत्येक वार्ड का वितृत प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगामी विकास योजनाएं बनाई जाएंगी।

### दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

**छबड़ा** (निसं)। नगर के विद्युत निगम कार्यालय के सामने स्थित एक क्रेन ब्रॉक शॉकर हेड की दुकान में रविवार को अलसुबह अज्ञात कारणों से आग लगने से व्यापक नुकसान हो गया। पालिका की दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को फ़ैलने से रोका। दुकान मालिक गोलू उर्फ आदिल के अनुसार उन्हें सुबह करीब 5 बजे दुकान से धुआं उठने की सूचना मिलने पर तुरंत पालिका दमकल कर्मियों को सूचना दी। जब दुकान का शटर खोला गया, तो आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया था। दुकान में रखी कीमती मशीनरी और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। इस घटना में लगभग 8 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और समीप की दुकानों को भी चपेट में आने से बचाया।

### आधा दर्जन पटाखा बाइकों को जब्त किया

**छबड़ा** (निसं)। यातायात पुलिस ने प्रभारी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में धरनावदा चौराहा पर तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगी आधा दर्जन पटाखा बाइकों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई डीएसपी ताराचन्द के निर्देशन में की गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली इन बाइकों में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगे थे, जिनसे पटाखे जैसी तेज आवाज निकलती थी। जब्त किए गए वाहनों के मालिकों के लाइसेंस निरस्त करने की आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों से ध्वनि प्रदूषण बढ़ने के साथ साथ आमजन को परेशानी होती है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सीएमएचओ के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता मुखर

**छबड़ा** (निसं)। चिकित्सा विभाग में टेंडर प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के अनुचित डेप्युटेशन तथा नर्सिंग एवं संविदा कर्मियों की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं को लेकर जिला चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ सोमवार को सुबह 11 बजे नगर के भाजपा कार्यालय पर एकत्रित होकर उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

